Seat No. : _______________

# NJ-130-H

**December-2015**

## B.Com., Sem.-III

## Core Elective 201 : Adv. Acc. & Auditing (Cost Accounting – I)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (a) लागत लेखा का क्या अर्थ है ? लागत-लेखा की सीमाएँ समझाइए । **7**

**अथवा**

समान लागत पद्धति का क्या अर्थ है ? समान लागत पद्धति के उद्देश्य समझाइए ।

(b) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **दो**) **4**

(1) स्थिर खर्च तथा परिवर्तनीय खर्च

(2) आदर्श लागत-पद्धति के लक्षणों को समझाइए ।

(3) इकाई लागत पद्धति

(4) ऐतिहासिक लागत

(c) नीचे दर्शाए गए प्रत्येक औद्योगिक इकाई के लिए यथोचित लागत लेखा पद्धति का नाम लिखिए : **3**

(1) ऑयल रिफाइनरी

(2) मुद्रण प्रेस

(3) वैद्युतीय उद्योग

(4) रसायन उद्योग

(5) कम्प्यूटर उद्योग

(6) भवन निर्माण उद्योग

2. (a) सतत सामान-तालिका का क्या अर्थ है ? इसके लाभों की जानकारी दीजिए । **7**

**अथवा**

निम्न विवरण के आधार पर गणना कीजिए :

(i) आदेश स्तर

(ii) अल्पतम स्तर

(iii) अधिकतम स्तर

(iv) आर्थिक आदेश मात्रा

| | | |
|---|---|---|
| (1) | वार्षिक खपत | 8000 इकाई |
| (2) | आदेश रखने का खर्च | ₹ 20 |
| (3) | वार्षिक वहन खर्च (प्रति इकाई) | ₹ 50 |
| (4) | आदेश मुदत | 4 से 6 सप्ताह |
| (5) | साप्ताहिक औसत खपत | 250 इकाइयाँ |
| (6) | अल्पतम साप्ताहिक खपत | 125 इकाइयाँ |

(b) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : जी.आई.टी अभिगम **4**

**अथवा**

किसी कारखाने का माल-सामान आवक-जावक संबंधित विवरण निम्नानुसार है :

**आवक :**

8-12-2014 200 इकाइयाँ ₹ 2.10 दर प्रति इकाई

18-12-2014 250 इकाइयाँ ₹ 2.20 दर प्रति इकाई

25-12-2014 300 इकाइयाँ ₹ 2.50 दर प्रति इकाई

**जावक :**

22-12-2014 250 इकाइयाँ

29-12-2014 450 इकाइयाँ

भारित औसत पद्धति से जावक माल की कीमत दर्शाता स्टॉक पत्रक तैयार कीजिए ।

(c) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : माल-सामान खाताबही । **3**

**अथवा**

एक कंपनी की लेखाबही से वर्ष 2014 के लिए निम्नानुसार विवरण प्राप्त हुआ है । उसके आधार पर (1) मालसामान खपत (2) औसत मालसामान (3) माल सामान हेर-फेर की दर ज्ञात कीजिए ।

| **विवरण** | **₹** |
|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 15,000 |
| खरीदी | 1,30,000 |
| अंतिम स्टॉक | 25,000 |

3. (a) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **दो**) **7**

(1) कार्य वेतन प्रथा

(2) हेल्सी योजना

(3) रोवेन योजना

(4) मजदूर हेर-फेर

**अथवा**

नीचे दिए गए विवरण में से मजदूर हेर-फेर दर की गणना कीजिए :

(1) मुक्त हो गए कामदारों की पद्धति

(2) पुनर्स्थापना पद्धति

(3) संयुक्त पद्धति

| | |
|---|---|
| वर्ष के आरम्भ में कामदारों की संख्या | 560 |
| वर्ष के अंत में कामदारों की संख्या | 640 |
| वर्ष के दरम्यान कारखाना छोड़कर गए कामदार | 72 |
| रिक्त स्थान पर नव नियुक्त कामदार | 60 |

(b) हर्वीश लिमि. की मई 2015 की निम्न जानकारी पर से नकद भुगतान योग्य शुद्ध मजदूरी की राशि ज्ञात कीजिए : **4**

(1) मासिक वेतन ₹ 1,20,000

(2) महँगाई भत्ता वेतन का 100%

(3) अवकाश का वेतन, वेतन का 10%

(4) प्रोविडेंट निधि में भरी कुल रकम ₹ 12,000

(5) कामदार राज्य बीमा योजना में भरी कुल रकम ₹ 7,500

प्रोविडेंट निधि में कामदारों के अंशदान के बराबर का ही हिस्सा मालिक देता है । जबकि कामदार राज्य बीमा योजना के हिस्से में मालिक और कामदारों के हिस्से का अनुपात 2 : 1 है ।

**अथवा**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : लाभ की हिस्सेदारी

(c) अप्रैल 2015 के पहले सप्ताह में मि. हर्षद 600 इकाइयों का उत्पादन करते हैं । उन्हें साप्ताहिक 48 घंटे का एक घंटा ₹ 4 के हिसाब से वेतन मिलता है । एक इकाई के उत्पादन का मानक समय 10 मिनट निर्धारित है, परन्तु उत्प्रेरणा वेतन प्रथा के अन्तर्गत इस समय में 20% की वृद्धि की गई है ।

(1) हेल्सी योजना (2) रोवेन योजना के अन्तर्गत उनका कुल वेतन ज्ञात कीजिए । **3**

**अथवा**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : उत्प्रेरणा वेतन प्रथा

4. एक कारखाने में 3 उत्पादन विभाग हैं A, B और C तथा दो सेवा विभाग D तथा E हैं । मार्च 2015 दरम्यान खर्च का विवरण निम्नानुसार है : **14**

| **विवरण** | **₹** |
|---|---|
| परोक्ष मजदूरी | 6,500 |
| वीमा | 16,500 |
| केन्टीन खर्च | 30,000 |
| विद्युत प्रकाश | 10,000 |
| किराया तथा कर | 25,000 |
| कामदार राज्य बीमा योजना में अंश | 3,250 |
| मूल्यह्रास | 82,500 |
| पावर | 45,000 |
| कारखाना प्रबंधक का वेतन | 90,000 |

**अन्य विवरण :**

| **विवरण** | **उत्पादन विभाग** | | | **सेवा विभाग** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **A** | **B** | **C** | **D** | **E** |
| विद्युत पोईन्ट्स | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी (₹) | 22,500 | 20,000 | 14,500 | 6,000 | 2,000 |
| यंत्र की कीमत (₹) | 3,60,000 | 2,40,000 | 1,80,000 | 6,000 | 6,000 |
| यंत्र की अश्वशक्ति | 4 | 6 | 2 | – | – |
| रोकी गई जगह (वर्ग फूट) | 600 | 400 | 500 | 300 | 200 |
| कारखाना प्रबंधक द्वारा दिए समय का अनुपात | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| कामदारों की संख्या | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |

सेवा विभागों D तथा E का लाभ अन्य विभागों ने निम्नानुसार अनुपात में लिया है :

| **विवरण** | **A** | **B** | **C** | **D** | **E** |
|---|---|---|---|---|---|
| **विभाग D** | 20% | 30% | 40% | – | 10% |
| **विभाग E** | 30% | 40% | 30% | – | – |

(1) शिरोपरि खर्च का भिन्न-भिन्न विभागों के बीच विभाजन तथा

(2) सेवा विभागों के खर्च का उत्पादन विभागों के मध्य विभाजन दर्शाता पत्रक तैयार कीजिए ।

**अथवा**

4. नीचे दी गई जानकारी के आधार पर यांत्रिक घंटे दर की गणना कीजिए :

| | |
|---|---|
| यंत्र की कीमत | ₹ 5,00,000 |
| यंत्र स्थापित करने का खर्च | ₹ 50,000 |
| यंत्र का उपयोगी जीवनकाल | 10 वर्ष |
| यंत्र के वार्षिक कार्य के घंटे | 1,000 |
| यंत्र के हिस्से आते खर्च : | |
| पॉवर | ₹ 25,000 |
| किराया तथा कर | ₹ 4,800 |
| मरम्मत | ₹ 12,000 |
| कारखाने की बिजली | ₹ 2,200 |
| (फेक्टरी के कुल 100 पोइन्ट्स में से 10 पोईन्ट्स इस यंत्र के हैं ।) | |
| अन्य आबंटित खर्च | ₹ 4,000 |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों में से सही उत्तर का चयन कीजिए । आवश्यक गणना तथा व्याख्या भी दीजिए । (कोई **सात**) **14**

(1) सीमेंट उद्योग में लागत इकाई है

(a) प्रति लिटर (b) टन किमी

(c) किलोवॉट (d) टन/बैग

(2) जिसमें चलित तथा स्थिर दोनों लागत का समावेश किया जाता है, उसे कौन सी लागत कहा जाता है ?

(a) मानक लागत (b) सीमांत लागत

(c) समावेशी लागत (d) ऐतिहासिक लागत

(3) आदेश स्तर – माल मिलने में लगता औसत समय की औसत खपत =

(a) अधिकतम स्तर (b) अल्पतम स्तर

(c) आदेश स्तर (d) औसत स्तर

(4) औसत खपत × तात्कालिक खरीदी के लिए लगने वाला समय =

(a) खतरे का स्तर (b) अल्पतम स्तर

(c) आदेश स्तर (d) अधिकतम स्तर

(5) किस पद्धति में पहले खरीदा हुआ माल स्टॉक में रहता है ?

(a) लीफो पद्धति

(b) फीफो पद्धति

(c) भारति औसत पद्धति

(d) मानक मूल्य पद्धति

(6) जहाँ कार्य की गति मानव पर नहीं परंतु यंत्र पर निर्भर हो तब वहाँ कौन सी वेतन प्रथा अपनाना अनुकूल होगा ?

(a) समयमान वेतन प्रथा

(b) कार्यमान वेतन प्रथा

(c) हेल्सी वेतन प्रथा

(d) सहभागी वेतन प्रथा

(7) ध्रुविन एक कार्य को 10 घंटे के बदले 8 घंटे में पूरा करता है । प्रति घंटे वेतन दर ₹ 5 है, तो रोवेन योजना के अनुसार उसे कितना वेतन मिलेगा ?

(a) ₹ 48 (b) ₹ 40

(c) ₹ 50 (d) ₹ 45

(8) निम्न में से कौन सी पद्धति पुनरावर्तित वितरण की पद्धति है ?

(a) औसत पद्धति

(b) प्रयत्न और त्रुटि की पद्धति

(c) परोक्ष पद्धति

(d) आलेख प्रस्तुतीकरण पद्धति

(9) प्राथमिक लागत ₹ 25,000 हो तथा कारखाना खर्च ₹ 5,000 हो, तो कारखाना खर्च, प्राथमिक खर्च का कितने प्रतिशत माना जाएगा ?

(a) 25% (b) 20%

(c) 30% (d) 15%

(10) परोक्ष मजदूरी के लिए वितरण का आधार है

(a) मजदूर घंटों का मानक

(b) प्रत्यक्ष मजदूरी का मानक

(c) मजदूर संख्या का मानक

(d) दर अनुसार यंत्र – घंटे